# MITTAL COMMERCE CLASSES

## (COMMERCE KA CHAMPION)

### (SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST)

## SAMPLE PAPER

### (ACCOUNTS) (ENGLISH)

**Instruction:**

- **Use HB Pencil to fill ovals for correct answer.**
- **Each question carry one mark.**
- **Negative marking 0.25 marks**
- **No negative marking for unattempted questions.**

**Maximum Marks : ______**
**Time : _______**
**Date : ___________**

1. एक साझेदार के प्रवेश के समय मूल्यह्रास कोष–
   (a) कंही भी हस्तांतरित नहीं होता
   (b) पुराने साझेदारों के पूंजी खाते में पुराने लाभ अनुपात में हस्तांतरित
   (c) लाभ, हानि खाते में हस्तांतरित
   (d) पुराने साझेदारों के पूंजी खाते में त्याग अनुपात के अनुसार हस्तांतरित

2. अंगोला और रंगोली 2 : 3 के अनुपात में लाभ–हानि बांटते हुये साझेदार हैं। मंगोला ने फर्म में प्रवेश किया। अंगोला ने अपने अंश का 1/3 भाग और रंगोली ने अपने अंश का 1/4 भाग मंगोला को दिया। नया लाभ–हानि अनुपात होगा :
   (a) 17:26:17
   (b) 75:38:37
   (c) 16:27:17
   (d) इनमें से कोई नहीं।

Mittal Commerce Classes

3. ए, बी एवं सी 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ एवं हानि का विभाजन करने वाले एक व्यवसाय में साझेदार हैं। 30 जून, 2009 को, सी जब उसका पूंजी खाता सभी आवश्यक समायोजनों के पश्चात् 10,950 रू. शेष दिखाता था, ने व्यवसाय से अवकाश ग्रहण किया। यह तय हुआ कि उसे 4,950 रू. अवकाश ग्रहण पर नकद दिये जायेंगे तथा शेष 6% प्रति वर्ष की दर पर ब्याज सहित तीन समान वार्षिक किस्तों में दिया जायेगा। ब्याज सहित अन्तिम किस्त की राशि होगी–
   (a) 2,120 रू.
   (b) 2,100 रू.
   (c) 2,200 रू.
   (d) 2,500 रू.

4. अ, ब तथा स एक फर्म में 5:3:2 के अनुपात में साझेदार हैं। अ तथा ब की पूँजी प्रत्येक की 50,000 रू. है तथा स की 40,000 है। ब फर्म से सेवानिवृत्त होता है। फर्म की ख्याति 30,000 है तथा पूर्नमूल्यांकन पर लाभ 5,000 है। संचय का शेष 15,000 है। ब को देय राशि होगी:
   (a) 45,000
   (b) 55,000
   (c) 65,000
   (d) 75,000

5. किसी साझेदार की मृत्यु पर उसके उतराधिकारी को सम्बद्ध अवधि के लिये मृत साझेदार के लाभ का भाग चुकाया जाता है। इस भुगतान का लेखा लाभ–हानि ______ खाते में किया जाता है।
   (a) समायोजन
   (b) विनियोजन
   (c) संशय
   (d) संचय

6. एक साझेदारी फर्म कैलेण्डर वर्ष के आधार पर अपने खाते व्यवस्थित करती है। इसके एक साझेदार बी की 31 मार्च, 2010 को मृत्यु हो गई। वर्ष 2009 का लाभ 75,000 रू. था, जिसे सभी तीनों साझेदारों मे समान रूप से बांट दिया गया। वर्ष 2009 के आधार पर वर्ष 2010 हेतु बी के लाभ का भाग होगा–
   (a) 18,750 रू.
   (b) 25,000 रू.
   (c) कुछ नहीं
   (d) 6,250 रू.

7. जब तलपट के डेबिट खाते में समायोजित क्रय प्रदर्शित किया जाता है तो
   (a) तलपट में दोनों प्रारम्भिक एवं अन्तिम रहतिया प्रकट होते हैं।
   (b) प्रारम्भिक रहतिया तलपट में दिखाया जाता है तथा अन्तिम रहतिया नहीं दिखाया जाता है।
   (c) अन्तिम रहतिया तलपट में दिखाया जाता है तथा प्रारम्भिक रहतिया नहीं दिखाया जाता है।
   (d) तलपट में दोनों प्रारम्भिक एवं अन्तिम रहतिया प्रकट नहीं होते है।

8. जनवरी 1 2010 को वार्षिक बीमा प्रीमियम 2400रू. चुकाया गया। अप्रैल 1 2010 को प्रारम्भिक लेखा क्या होगा यदि प्रत्येक वर्ष वित्तीय वर्ष 31 मार्च को समाप्त होता हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | Insurance Premium A/c | Dr. | Rs. 1,800 | |
| | To Prepaid Insurance Premium | | | Rs. 1,800 |
| (b) | Insurance Premium A/c | Dr. | Rs. 600 | |
| | To Prepaid Insurance Premium | | | Rs. 600 |
| (c) | Prepaid Insurance Premium A/c | Dr. | Rs. 1,800 | |
| | To Insurance Premium A/c | | | Rs. 1,800 |
| (d) | Prepaid Insurance Premium A/c | Dr. | Rs. 600 | |
| | To Insurance Premium A/c | | | Rs. 600 |

Mittal Commerce Classes

9. बी का तलपट निम्न सूचनाओं का समावेश करता है–

| | |
|---|---|
| वर्ष के अन्त में प्रावधान बनाये | 10000रू. |
| वर्ष के प्रारम्भ में अशोध्य देनदारों हेतु प्रावधान | 4000रू. |
| अशोध्य देनदार | 6000रू. |

   लाभ हानि खाते में डेबिट की जाने वाली राशि–
   (a) 20000रू.
   (b) 8000रू.
   (c) 12000रू.
   (d) शून्य

10. महाप्रबन्धक ऐसे कमीशन को चार्ज करने के बाद शुद्ध लाभ पर 10 प्रतिशत कमीशन पाता है। सकल लाभ 70,000 रू. तथा प्रबन्धक के कमीशन के अतिरिक्त सामान्य व्यय हैं 12000रू.। कमीशन की राशि होगी–
   (a) 5272.72रू.
   (b) 6072.72रू.
   (c) 5372.72रू.
   (d) 5172.72रू.

11. देनदारो का प्रारम्भिक शेष 35000 रू. देनदारो से नकद प्राप्ति 30000 रू. नकद विक्रय 20000 रू. जो कुल विक्रय का 20 प्रतिशत है। प्राप्त प्राप्य बिल 40000 रू. और नकद प्राप्ति का 1 प्रतिशत बट्टा दिया। अंतिम देनदार ज्ञात कीजिये।
(a) रु. 15,300
(b) रु. 44,700
(c) रु. 64,700
(d) रु. 35,700

12. प्रकाशक द्वारा कापीराइट के लिए किया गया व्यय है
(a) पूँजीगत व्यय
(b) आगम व्यय
(c) आस्थगत
(d) इनमें से कोई नहीं।

13. संदिग्ध दायित्वों को —————— के कारण दिखाया जाता है
(a) पूर्ण अभिव्यक्तिकरण की अवधारणा
(b) रूढिवादिता की अवधारणा।
(c) द्वि–पहलू अवधारणा।
(d) सारता की अवधारणा।

14. कर्मचारियों को चुकाया गया शुद्ध वेतन 5,00,000 रू, आयकर 50,000 रू व पेशेवर कर 10,000 काटनें के बाद। वेतन खाते में डेबिट की जाने वाली राशि ज्ञात करें।
(a) 5,00,000 रू
(b) 4,40,000 रू
(c) 560000 रू
(d) 450000 रू

15. धीरज एवं गोपाल प्रत्येक 5,00,000 रूपये पूँजी के साथ एक फर्म में साझेदार हैं। उन्होंने फर्म के लाभों में 1/4 भाग हेतु दीपक को एक साझेदार के रूप में शामिल किया। दीपक पूँजी के एक भाग के रूप में 800000 रूपये लाता है। प्रवेश की तिथि पर लाभ हानि खातों ने 400000 रूपये का क्रेडिट शेष प्रदर्शित किया। गुप्त ख्याति का मूल्य होगा :–
(a) 14,00,000 रूपये
(b) 18,00,000 रूपये
(c) 10,00,000 रूपये
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

Mittal Commerce Classes

16. 31 मार्च 2005 को जी एण्ड सन्स निम्न सुचनाये उपलब्ध करवा रही है–

| विवरण | रू. |
|---|---|
| प्रारम्भिक रहतियाँ | 15,00,000 |
| 2004 – 05 के दौरान क्रय | 45,00,000 |
| 2004 – 05 के दौरान विक्रय | 50,00,000 |

31 मार्च 2005 को अन्तिम रहतियाँ रू. 2090000 था। सकल लाभ की दर विक्रय पर 25 प्रतिशत है। संस्था के प्रबन्ध को संदेह है की कुछ स्कन्ध नये कर्मचारी द्वारा ले लिया गया है। वित्तिय वर्ष के अन्त में खो गये माल की लागत एवं बेचे गये माल की लागत क्रमशः ————————— है।
(a) 2,65,000 रू., 37,50,000 रू.
(b) 2,10,000 रू., 39,10,000 रू.
(c) 1,75,000 रू., 50,00,000 रू.
(d) 1,60,000 रू., 37,50,000 रू.

17. पेटेण्ट का नवीनीकरण है :
(a) पूँजीगत व्यय
(b) आयगत व्यय
(c) आस्थगित आगम व्यय
(d) विकास व्यय

18. बैंक समाधान विवरण के निम्न विशिष्ट लक्षण नहीं होते हैं :
(a) चैकों की निकासी मे कोई अनावश्यक देरी समाधान द्वारा प्रदर्शित की जा सकेगी।
(b) बैंक समाधान विवरण कोई कपट करने वाले व्यक्ति को ढूंढने में सहायता नहीं करेगा।
(c) समाधान बैंकर्स द्वारा किया जाता है।
(d) यह बैंक शेष की सही स्थिति पाने में मदद करता है।

19. रोकड पुस्तक तथा पास बुक के बैंक खाने में 2,500 रू. से अन्तर था। जाँच–पडताल पर यह पाया गया कि बैंक द्वारा सीधे काटा गया 500 रू. का ब्याज रोकड पुस्तक में नहीं लिखा गया था। उसे समाधान विवरण पत्र से पूर्व रोकड पुस्तक में समायोजित किया गया था। अब, बैंक समाधान विवरण पत्र में, यह 500 रू. ब्याज –
(a) रोकड बही शेष में जोडा जाना है
(b) रोकड बही शेष में घटाया जाना है
(c) बैंक समाधान विवरण पत्र तैयार करते समय उपेक्षित (नजरअदांज) किया जाना है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

20. अनुज ने 27 मार्च, 2014 को बैंक में चार चेक रूपये 23,000, रूपये 21,000, रूपये 16,000 और रूपये 14,000 प्रस्तुत किए। इन चेकों में से रूपये 16,000 का चेक 30 मार्च, 2014 को बैंक द्वारा संग्रह कर लिया गया, रूपये 23,000 और रूपये 14,000 के चेक पासबुक में अप्रैल 2014 में दिखाये गये। रूपये 21,000 का चेक अहस्ताक्षरित होने के कारण लौटा दिया गया।
बैंक इनमें से किन चेकों को बैंक समाधान विवरण हेतु लेगा –
(a) रूपये 23,000, रूपये 21,000 और रूपये 14,000
(b) रूपये 23,000, रूपये 21,000, रूपये 16,000 और रूपये 14,000
(c) रूपये 23,000 और रूपये 14,000
(d) रूपये 21,000

Mittal Commerce Classes

21. बैक समाधान विवरण के अन्तर्गत रोकड बही का समायोजन करते समय–
(a) रोकड पुस्तक की सभी अशुद्वियों को एवं छूटी हुई मदों को ध्यान में रखा जाता है।
(b) पास बुक की सभी अशुद्वियों को एवं छूटी हुई मदों को ध्यान में रखा जाता है।
(c) समय में अन्तर के कारण पास बुक में अभिलेखन में विलम्ब को ध्यान में रखा जाता है।
(d) उपरोक्त सभी।

22. C Ltd. के लिए 31 मार्च, 2010 को निम्नलिखित सूचनाऐं उपलब्ध है :–

| | Rs. |
|---|---|
| स्कन्ध 01.04.2009 | 80,000 |
| क्रय | 1,60,000 |
| बिक्री | 2,00,000 |

30,000 रूपये का माल आग से नष्ट हो गया, जिसके लिए बीमा कम्पनी ने 20,000 रूपये का दावा स्वीकृत किया। कम्पनी माल को लागत + 33.33% जमा पर बेचती है। निम्नलिखित सूचना को ध्यान में रखते हुए अन्तिम स्कन्ध का मूल्य ज्ञात कीजिये।
(a) 10,000 रूपये
(b) 30,000 रूपये
(c) 1,00,000 रूपये
(d) 60,000 रूपये

23. इडवर्ड मोटर्स लिमिटेड, जो कारो मे व्यवहार करती है, के पास निम्न मॉडलों तथा निर्माणों की गाड़ियाँ स्टॉक में हैं 2005–06 वित वर्ष के अन्त में –

| कार | लागत (रू) | बजार मूल्य (रू) |
|---|---|---|
| जैन | 2,00,000 | 2,10,000 |
| फियेट | 3,50,000 | 3,70,000 |
| ऐस्टीम | 3,25,000 | 3,20,000 |
| होंडा सिटी | 6,00,000 | 6,30,000 |
| ऑपट्रा | 7,25,000 | 7,00,000 |

31 मार्च 2006 को कम्पनी के चिट्ठे में शामिल किये गये स्टॉक का मूल्य होगा–
(a) 21,70,000 रू.
(b) 22,00,000 रू.
(c) 22,30,000 रू.
(d) 22,60,000 रू.

24. एक व्यवसायी 25,00,000रू. के लिये माल खरीदता है और 70 प्रतिशत माल लेखांकन वर्ष के दौरान 31 मार्च 05 को बेच देता है बचें हुये माल का मूल्य 5,00,000रू. था। अंतिम स्कन्ध का मूल्यांकन 7,50,000 रू. की जगह 5,00,000 रू_______के कारण हुआ।
(a) मूल्य लागत
(b) रूढिवादिता
(c) लागत
(d) अवधिगत

25. प्रारम्भिक स्कन्ध 4,000रू., क्रय 36,000रू., विक्रय 35,000रू., लाभ विक्रय का 20 प्रतिशत। अन्तिम स्कन्ध 50 प्रतिशत क्षति ग्रस्त पाया गया, जिससे 50 प्रतिशत राशि प्राप्त हो सकती है। अन्तिम स्कन्ध की राशि ज्ञात कीजिए:
(a) 9,000 रू.
(b) 12,000 रू.
(c) 6,000 रू.
(d) 10,500 रू.

Mittal Commerce Classes

**दी गयी सूचनाओं के आधार पर प्रश्न संख्या 26 एवं 27 का सही उत्तर का चयन कीजिये–**

मि. कोटरीवाल मेग्जीन बेचने के व्यापार में संलग्न है। उनके कुछ ग्राहकों द्वारा मेग्जीन का भुगतान पूर्वगत् अग्रिम रूप से कर दिया जाता है। 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष से संबंधित सूचनाऐं इस प्रकार है । 1 अप्रेल 2016 को ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम खाते का शेष 2,00,000 रुपये था जिसमें से 1,50,000 रुपये का संबंध वर्ष 2016–2017 से है, जबकि शेष का वर्ष 2017–18 से है। वर्ष 2016–17 के दौरान उसने 5,00,000 रुपये का नगद विक्रय किया। ज्ञात कीजिये–

26. वर्ष 2016–2017 से संबंधित कुल आय –
(a) 6,50,000 रू.
(b) 5,50,000 रू.
(c) 5,00,000 रू.
(d) कोई नहीं

27. वर्ष 2016–2017 में प्राप्त हुई कुल नगद राशि, यदि ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम खाते का अंतिम शेष 1,70,000 रुपये हो–
(a) 5,00,000 रू.
(b) 6,20,000 रू.
(c) 6,50,000 रू.
(d) कोई नहीं

28. मि. आकाश विक्रय के 25 प्रतिशत अधिक पर माल बेचता है। वर्ष के दौरान उनके विक्रय 5,10,000 रू. थे। परन्तु उन्होनें 15,000 रू. लागत का क्षतिग्रस्त माल 10,000 रू. में बेचा। यह विक्रय 5,10,000 रू. में शामिल किया जाता है। सकल लाभ की राशि है–
(a) 95,000 रू.
(b) 1,25,000 रू.
(c) 1,20,000 रू.
(d) 1,00,000 रू.

29. मि. मोहन ने 50,000रू. लगाकर कपड़े का व्यवसाय शुरू. किया, 50,000 रू. मूल्य का माल खरीदा। उसने माल को 60,000 रू. में बेचा। ग्राहकों ने उसे 50,000 रू. का भुगतान किया तथा उसे 10,000 रू. जल्दी ही देने का आश्वासन दिया। उसके द्वारा अर्जित आगम की राशि है–
(a) 50,000 रू.
(b) 60,000 रू.
(c) 1,00,000 रू.
(d) 70,000 रू.

30. 31.3.2015 को मि0 Y के खाते से निम्न सूचनायें प्राप्त हुई –

| | **Rs.** |
|---|---:|
| 1.4.14 को रहतिया | 1,60,500 |
| क्रय | 4,80,000 |
| निर्माणी व्यय | 75,000 |
| विक्रय व्यय | 33,000 |
| प्रशासनिक व्यय | 18,000 |
| वित्तीय व्यय | 6,000 |
| विक्रय | 7,00,000 |

सकल लाभ, विक्रय पर 20% है। वर्ष के लिए मि0 y का शुद्ध लाभ बताइये :
(a) रूपये 8,000
(b) रूपये 89,000
(c) रूपये 83,000
(d) रूपये 1,01,000

Mittal Commerce Classes

—**—